# प्रादेशिक समाचार
## 24.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राष्ट्रीय सम्मेलन 'अभिज्ञ 3.0' को किया संबोधित, कहा– विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में जनजातीय समाज की भागीदारी होगी महत्वपूर्ण।

2. राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों और जनप्रतिनिधियों को किया सम्मानित।

3. अलकतरा घोटाला मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने चार आरोपियों को सुनाई तीन–तीन साल की सश्रम सजा, साक्ष्य के अभाव में तीन हुए बरी।

4. राज्य में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी, कई जिलों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा, मौसम विभाग ने 27 अप्रैल के बाद मौसम में बदलाव के दिए संकेत।

5. स्पोट्र्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड की ओर से 9वीं झारखंड स्टेट सब जूनियर कराटे चैंपियनशिप कल से रांची में, 550 खिलाड़ी लेंगे भाग।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल्स सोसाइटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन "अभिज्ञ 3.0" को संबोधित किया। रांची में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि युवा देश का वर्तमान और भविष्य हैं तथा उनकी सकारात्मक ऊर्जा से राष्ट्र नई ऊँचाइयों तक पहुंचेगा। मौके पर राज्यपाल ने 'एकल' पहल के माध्यम से शिक्षा और जागरूकता के विस्तार को महत्वपूर्ण बताते हुए समावेशी विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में जनजातीय समाज की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी ।

*******************

राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची में हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में आयोजित मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार समारोह–सह–मुखिया सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों और जनप्रतिनिधियों को सम्मानित कर प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में यूआईडीएआई से संबंधित एमओयू के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर आधार सेवाएं उपलब्ध कराने की पहल भी की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों के विकास से ही राज्य का समग्र विकास संभव है और जल संकट से निपटने के लिए अभी से तैयारी आवश्यक है।

*******************

केंद्र सरकार ने कहा है कि देशभर में घरेलू एलपीजी आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है और किसी भी वितरक के यहां आपूर्ति की कमी नहीं हुई है। नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति 70 प्रतिशत तक बहाल हो चुकी है और इस महीने अब तक एक लाख 47 हजार से अधिक एलपीजी सिलेंडर बेचे जा चुके हैं।

*******************

अलकतरा घोटाला मामले में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत ने ट्रांसपोर्टर विनय कुमार सिन्हा, आशीष मैती, राज कुमार राय और रंजन प्रधान को भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के मामले में तीन–तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही सभी

पर जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में तीन तत्कालीन अधिकारियों एस. के. दास, एस. एम. औरंगजेब और एन. सी. प्रसादकृको बरी कर दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 35 गवाहों की गवाही कराई गई थी।
यह मामला वर्ष 1997 का है, जो हल्दिया डिपो से बरही तक अलकतरा की आपूर्ति से जुड़ा था। आरोप था कि ट्रांसपोर्टरों ने हल्दिया से माल उठाया, लेकिन उसे निर्धारित गंतव्य तक पूरा नहीं पहुंचाया।

*******************

रांची में बहुचर्चित शराब घोटाले के आरोपी अरुण पति त्रिपाठी और अरविंद कुमार को झारखंड उच्च न्यायालय से बड़ा झटका लगा है, जहां उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई। इससे पहले एसीबी की विशेष अदालत ने भी उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके खिलाफ उन्होंने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। जांच एजेंसियों के अनुसार, शराब नीति से जुड़े इस मामले में नियमों की अनदेखी और बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की जांच जारी है।

*******************

रांची में जगन्नाथपुर मंदिर के गर्भगृह की सुरक्षा में तैनात प्रहरी की हत्या पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने उच्च सुरक्षा क्षेत्र में हुई इस घटना को लेकर पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए अपराध नियंत्रण में विफलता का आरोप लगाया है। श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मामले में हस्तक्षेप कर जिम्मेदारी तय करने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

*******************

हजारीबाग और रामगढ़ जिले में बिजली कटने से आम लोग परेशान हैं। समस्या को देखते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में यह बात सामने आई कि विभागीय कार्यप्रणाली में कमियों के कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

*******************

एम्स देवघर ने जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। एम्स परिसर में आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट शुरू कर दिया गया है, जिससे प्रतिदिन करीब छह लाख लीटर पानी की बचत हो रही है। एम्स के निदेशक डॉ. नितिन गंगने ने बताया कि पहले परिसर का गंदा पानी आसपास के गांवों की ओर तालाब में चला जाता था, जिससे उपजाऊ भूमि प्रभावित होती थी। अब तकनीकी समाधान के तहत वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित कर इस समस्या का समाधान किया गया है।

*******************

गिरिडीह जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पचम्बा थाना क्षेत्र के माथाडीह और जमुआ थाना क्षेत्र में छापेमारी कर 10 किलोग्राम मादक पदार्थ के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

*******************

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर कल उत्कृष्ट कर्मचारियों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में पूर्वाह्न 10 बजे से शुरू होगा। समारोह में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान मलेरिया नियंत्रण और रोकथाम में बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।

*******************

हजारीबाग के बरही में अपराधियों ने बैंक आफ महाराष्ट्र में लगभग 5 से 6 करोड रुपए का सोना और 4 लाख रुपया कैश लूट कर फरार हो गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

*******************

राज्य में अप्रैल के अंतिम दिनों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। राजधानी रांची सहित कई हिस्सों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे लोगों को लू का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 25 और 26 अप्रैल तक मौसम मुख्य रूप से साफ और गर्म रहेगा। पलामू, गढ़वा, चतरा और जमशेदपुर जैसे इलाकों में हीटवेव की स्थिति बनी रहने की संभावना है। हालांकि 27 अप्रैल के बाद मौसम में बदलाव के संकेत हैं।

*******************

रांची में स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान में 9वीं झारखंड स्टेट सब–जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराटे चैंपियनशिप 25 और 26 अप्रैल को टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 550 खिलाड़ी भाग लेंगे और इसका आयोजन वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के नियमों के तहत किया जाएगा।

*****समाप्त*******